प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.10.2024 (संध्या 1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर सभी 81 सीटों पर तीन–तीन प्रत्याशियों के नाम पर हो रहा है मंथन।**
2. **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड समेत नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कल करेंगे बैठक, राज्यों की सुरक्षा स्थिति और केंद्रीय मंत्रालय द्वारा चल रही विकास योजनाओं की होगी समीक्षा।**
3. **दुर्गापूजा के दौरान राज्य भर में दस हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों को सुरक्षा में किया जाएगा तैनात, कल से 13 अक्टूबर तक सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश में मुख्यालय छोड़ने पर लगी रोक।**
4. **राज्य में तीन दिनों तक कहीं–कहीं हो सकती है बारिश, कल गर्जन और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**

समाचार विस्तार से

****

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड के सभी 81 सीटों से संसदीय बोर्ड के समक्ष तीन–तीन उम्मीदवारों के नाम पेश किए जाएंगे। जिसके बाद चुनाव समिति तय उम्मीदवारों की घोषणा करेगी।

****

इधर भाजपा चुनाव समिति की बैठक आज प्रदेश कार्यालय में चल रही है। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया जा रहा है।

वहीं, इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर दुर्गा पूजा के बाद बैठक होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि जल्द ही सीट शेयरिंग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहयोगी दलों के साथ बैठक करेंगे।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल झारखंड समेत नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान राज्यों की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में उग्रवाद प्रभावित सभी आठ राज्यों में विकास योजनाएं चला रहे केंद्रीय मंत्रालयों के पांच मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

****

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रांची स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में जनजातीय किसानों के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य किसानों को समृद्ध करना है। श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ड्रोन दीदी और लखपति दीदी के अभियान से जोड़कर महिलाओं की आमदनी बढ़ाने और उन्हें सशक्त करने की कोशिश कर रही है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की आज तबीयत खराब हो गई है। उनको टीएमएच अस्पताल जमशेदपुर में भर्ती कराया गया है। श्री सोरेन का आज साहिबगंज दौरा प्रस्तावित था, जिसे उनकी तबीयत को देखते हुए रद्द करना पड़ा।

****

दुर्गापूजा के दौरान राज्य भर में दस हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों को सुरक्षा में तैनात किया गया है। पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त जवान 14 अक्टूबर तक विभिन्न जिलों में सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। पुलिस उपमहानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने बताया कि राजधानी रांची समेत सभी जिलों में सुरक्षा की व्यापक तैयारी की गई है।

इधर दुर्गापूजा को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कल से 13 अक्टूबर तक जिले के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश में मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी है। विशेष परिस्थिति में अनुमति के बाद ही अवकाश की स्वीकृति दी जाएगी।

****

रामगढ़ जिले में नकली शराब फैक्ट्री का उद्भेदन हुआ है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर अवैध शराब के कारोबारी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के परसोतिया में ब्रांडेड कंपनी की बोतल में नकली शराब भरकर ऊंचे दामों में बेचा जा रहा था। कुल 96 बोतल अवैध शराब जब्त किया गया है।

****

इधर गिरिडीह जिले की घोड़थंबा थाना क्षेत्र से भी पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। खोरी महुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने आज बताया कि 631 कार्टून विदेशी शराब को जब्त किया है।

****

हजारीबाग में सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

****

हजारीबाग के दूध मटिया में पर्यावरण संरक्षण को लेकर साइकिल यात्रा निकाली गयी। इसमें 8 साल की छात्रा से लेकर 70 वर्ष के बुजुर्गों ने साइकिल चलाकर लोगों में संदेश दिया कि अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करें और पर्यावरण को संरक्षित रखें।

****

लातेहार जिले में **मुख्यमंत्री ऊर्जा किसान योजना** के तहत ग्रामीणों के बिजली बिल माफ किए जा रहें हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

****

गोड्डा–सुंदरपहाडी मार्ग में पिकअप वैन और बाइक की जोरदार टक्कर में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। मृतक की पहचान जेम्स पहाड़िया के रूप में की गई है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य में कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रांची के अलावा खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, और गिरिडीह जिले में इसका असर देखा जा सकता है। इसके अलावा संताल परगना के कुछ

हिस्सों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बारिश और वज्रपात की आशंका के कारण कल येलो अलर्ट जारी किया गया है।

<u>**************</u>**